प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 20.01.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. नितिन नबीन बने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में ली शपथ, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– श्री नबोन के कुशल नेतत्व से पार्टी को मिलेगी नई दिशा।
2. राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के दूसरे दिन पूर्ण सत्र को किया संबोधित : विधानसभाओं को अधिक सक्षम बनाने मेंएआई की भूमिका पर दिया बल।
3. नोएडा में इंजीनियर की मौत के मामले में तीन सदस्यीय एसआईटी ने शुरू की जांच : अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर ने कहा– सभी पहलुओं को परख कर शासन को सौंपी जाएगी रिपोर्ट। और
4. प्रदेश में घने कोहरे और ठंड का प्रकोप जारी : मौसम विभाग ने 22 से 24 जनवरी के दौरान गरज चमक के साथ बारिश का जताया अनुमान।

————————

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में संगठन पर्व के अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय

रिटर्निंग अधिकारी डॉ. के. लक्ष्मण ने उनके नाम की घोषणा की। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मादी तथा केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, जे.पी. नड्डा और नितिन गडकरी ने उन्हें बधाई दी।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि नितिन नबीन ने हर कार्य को बखूबी निभाया है। बाइट.....

*माननीय नितिन नबीन जी हम सभी के अध्यक्ष हैं और उनका दायित्व सिर्फ भाजपा को भी संभालना इतना नहीं है। एनडीए के सब साथियों के बीच भी उन्होंने तालमेल का बहुत बड़ा दायित्व भी देखना होता है। माननीय नितिन जी के संपर्क में जो भी आया है वो उनकी सरलता और सहजता की चर्चा जरूर करता है। नितिन जी ने हमेशा जो–जो जिम्मेवारी मिली अपने आपको उन्होंने साबित किया है।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री नबीन पार्टी की विरासत को आगे बढ़ाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी श्री नबीन से मिलकर उन्हें बधाई दी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री नवीन के कुशल नेतृत्व, संगठनात्मक अनुभव और दूरदर्शिता से पार्टी को नई ऊर्जा व दिशा मिलेगी तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को और मजबूती प्राप्त होगी।

श्री योगी ने आशा जताई कि उत्तर प्रदेश को भी उनका निरंतर मार्ग दर्शन प्राप्त होता रहेगा। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने भी नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर शुभकामना दी। बाइट......

*देश के युवाओं में अद्‌भुत ऊर्जा का संचार हुआ है आदरणीय नितिन जी के अध्यक्ष बनने से और यह सब संभव आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी*

*जी की दूरदर्शी सोच के वजह से हुआ है कि आने वाले कल की जो बागडोर है देश का युवा संभालेगा। आज प्रधानमंत्री जी ने युवाओं को जिस ढंग से कहा 1 लाख नए युवा अपने अवसर के लिए तैयार रहे तो पूरा देश का युवा जुटा है।*

——————————

लखनऊ में चल रहे अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के दूसरे दिन तीन प्रमुख विषयों पर पूर्ण सत्र आयोजित किये गये। सभा को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधायी संस्थाआं में कार्यप्रणाली में गुणवत्ता के मानक स्थापित करने पर जोर दिया। वहीं राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने सत्र को संबोधित करते हुए विधानसभाओं को अधिक सक्षम बनाने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई की भूमिका पर बल दिया।

——————————

नोएडा में बेसमेंट के लिए खोदे गए पानी से भरे गहरे गड्ढे में कार सहित डूबकर मरने वाले इंजीनियर युवराज की मौत के मामले में मेरठ जोन के अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर के नेतृत्व में गठित तीन सदस्यीय एसआईटी ने जांच शुरु कर दी है। टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। इससे पहले टीम ने नोएडा विकास प्राधिकरण के दफ्तर पहुंच कर प्रोजक्ट से जुड़ी फाइलों की जांच की। कमेटी के सदस्यों ने मृतक के परिजनों से भी मुलाकात की। अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर ने बताया कि

घटना के कारणों की जांच की जा रही है और जांच के बाद इसकी रिपोर्ट शासन को सौंप दी जाएगी। बाइट.....

*जो एसआईटी है, इसने काम शुरू कर दी है। शासन के निर्देशों पर हम लोग पांच दिन के अंदर इसकी रिपोर्ट दे देंगे। सभी लोगों से बातचीत की जाएगी और सभी लोगों से बात करके फिर यह देखना होगा कि किन्ही कारणों से और किन्ही परिस्थितियों में यह ऐसा दुखद घटना हुई। अभी हम लोग घटना की तहकीकात कर रहे हैं। अभी हम लोगों ने शुरुआत की है। सो जब पूरी घटना की तहकीकात कर लेंगे, पूछताछ कर लेंगे, उसके बाद अपने निष्कर्ष से माननीय शासन को अवगत कराएंगे।*

उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ0 लोकेश एम. को पद से हटाकर प्रतीक्षारत कर दिया गया है।

पुलिस ने इस मामले में बिल्डर अभय कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। घटनास्थल से डूबी हुई कार को भी बरामद कर लिया गया है।

——————————

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम–2026 के अन्तर्गत नागरिकों द्वारा भरे जानेवाले फार्म–6 के साथ घोषणा पत्र अनिवार्य रूप से भरा जायेगा। पेश है एक रिपोर्ट........

*मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एसआईआर के तहत फार्म–6 में आवेदक का नाम व सही पता, नवीनतम फोटो एवं वर्तमान मोबाइल नम्बर अंकित किया जाना आवश्यक है। आयु के प्रमाण के लिए सक्षमस्तर के अधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट के प्रमाण–पत्र और भारतीय पासपोर्ट को*

*प्रस्तुत किया जा सकता है। घोषणा पत्र में आवेदक को वर्ष 2003 की अंतिम मतदाता सूची में से स्वयं का अथवा अपने माता–पिता, दादा–दादी या नाना–नानी में से किसी एक का विवरण, विधान सभा क्षेत्र संख्या, भाग संख्या तथा क्रम संख्या के साथ भरकर प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने प्रदेश के सभी मतदाताओं से अपील की है कि यदि नाम सम्मिलित न हो अथवा किसी प्रकार की त्रुटि हो तो फार्म–6, 7 अथवा 8 भरकर दिनांक 6 फरवरी, 2026 तक ऑनलाइन या ऑफलाइन दर्ज कराएं। समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

——————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

——————————

**राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन में हर्बल गार्डन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने हर्बल गार्डन में रुद्राक्ष के पौधे का पौधारोपण भी किया और वहाँ लगाए गए समस्त औषधीय पौधों का अवलोकन किया साथ ही उनके संरक्षण एवं संवर्धन के लिये आवश्यक निर्देश दिये। इस हर्बल गार्डन में लगभग 73 किस्म के औषधीय पौधे लगाए गए हैं। राज्यपाल ने परिसर में 'कैक्टस गार्डन' का भी उद्घाटन किया।**

——————————

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आज रायबरेली में रायबरेली प्रीमियर लीग का उद्घाटन किया। इससे पहले उन्होंने विभिन्न प्रतिनिधि मंडलों से मुलाकात की। कांग्रेस नेता कल देर रात रायबरेली पहुंचे थे।

——————————

प्रगति अभियान के तहत 51 किलोमीटर लंबी मऊ–गाजीपुर तारिघाट नई ब्रॉड गेज रेलवे लाइन, सार्वजनिक वित्त पोषण के तहत एक क्रांतिकारी रेल अवसंरचना पहल का प्रतिनिधित्व करती है। रेल विकास निगम लिमिटेड वाराणसी के कार्यकारी निदेशक विकास चंद्रा ने बताया कि इस परियोजना का रणनीतिक उद्देश्य पूर्वी उत्तर प्रदेश में रेल संपर्क को बढ़ाना, दूरस्थ और कृषि प्रधान जिलों को राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क से जोड़ना और गंगा गलियारे में बहुआयामी परिवहन में सुधार करना है। बाइट...

*किसी भी प्रोजेक्ट को करने के लिए काफी सारी बाधाएं आती है लेकिन यह प्रयास प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से बहुत ज्यादा रहा प्रगति मीटिंग के द्वारा 6 महीने के अंदर जितने भी क्लीयरेंसेस होते थे सारे क्लीयरेंसेस ले लिए गए।*

——————————

डिब्रूगढ़ गोमती नगर अमृत भारत ट्रेन के आज लखनऊ स्टेशन पहुंचने पर चालक दल और ट्रेन के सहायक कर्मचारियों का स्वागत किया गया। प्रधान मंत्री

नरेन्द्र मोदी ने इस ट्रेन को 18 जनवरी 2026, को असम से हरी झंडी दिखाई थी। असम के डिब्रूगढ़ और लखनऊ के गोमती नगर के बीच अमृत भारत ट्रेन नियमित रूप से 30 जनवरी से चलने लगेगी । पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के जनसंपर्क अधिकारी महेश कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इस ट्रेन के शुरू होने से मां कामाख्या देवी के दर्शन करने वालों को बेहद आसानी होगी। बाइट.....

*इस ट्रेन का नियमित संचालन 30 जनवरी 2026 से है, जो हमारी गाडी संख्या 15949 है, यह डिब्रूगढ़ से चलेगी यह चुकी एक साप्ताहिक ट्रेन है तो यह वहां से शुक्रवार के दिन चलेगी और यहां तीसरे दिन गोमती नगर दोपहर में करीब 1:30 पहुंचेगी।*

——————————

प्रदेश में घने कोहरे और ठंड का असर जारी है। बागपत में घने कोहरे के चलते दिल्ली दून हाईवे के एलिवेटेड रोड पर पाठशाला चौराहा के पास 22 वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में 6 घायल हो गए। मौसम विभाग ने बताया कि प्रदेश में 22 से 24 जनवरी के दौरान आने वाले दो पश्चिमी विक्षोभों के प्रभाव से गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है।

(समाप्त)